# प्रेस विज्ञप्ति

## बिहार पुलिस मुख्यालय,

## दिनांक–21.07.2023 (सं0–350)

| गत दिनों इनामी नक्सली तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी। | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला / थाना** | **संक्षिप्त** |
| 1 | औरंगाबाद | **इनामी नक्सली की गिरफ्तारी।**<br>➢ बिहार STF, झारखण्ड पुलिस तथा केन्द्रीय एजेन्सियों के संयुक्त अभियान में झारखण्ड सरकार द्वारा 25 लाख रुपये तथा एन0आइ0ए0 (भारत सरकार) द्वारा 05 लाख रुपये के घोषित इनामी, भा0क0पा0 माओवादी के बिहार झारखण्ड स्पेशल ऐरिया कमिटी सदस्य कुख्यात वांछित नक्सली वीरेन्द्र यादव उर्फ सौरव जी उर्फ मरकस बाबा, पे0 जगदीश यादव उर्फ मास्टर, सा0 गम्हरिया, थाना कसमा, जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध बिहार एवं झारखण्ड में लगभग 1 दर्जन के अधिक काण्ड अंकित हैं। |
| 2. | सारण / माँझी | **इनामी अपराधकर्मी की गिरफ्तारी।**<br>➢ बिहार STF की विशेष टीम के द्वारा सारण जिले के 50 हजार के घोषित इनामी कुख्यात वांछित अपराधकर्मी विक्की यादव, सा0 मुबारकपुर, थाना माँझी, जिला सारण को दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के प्रधान नगर थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।<br>➢ उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अपराधकर्मी के द्वारा वर्ष 2023 के फरवरी माह में माँझी थानान्तर्गत मुबारकपुर गाँव में 02 व्यक्तियों की पीट पीट कर जघन्य हत्या कर दी गयी थी, जिसके कारण विधि व्यवस्था की गम्भीर समस्या उत्पन्न हुयी थी। |
| 3. | रोहतास / बघैला थाना | ➢ रोहतास जिले का कुख्यात वांछित अपराधी एवं हत्या कांड के आरोपी 50 हजार रु0 का इनामी मुन्ना सिंह उर्फ वशिष्ठ सिंह गिरफ्तार।<br>➢ दि0–11.12.21 को रोहतास जिले के बघैला थाना अन्तर्गत कृष्ण बिहारी उपाध्याय हत्याकाण्ड में वांछित अभियुक्त था।<br>➢ मुन्ना सिंह उर्फ वशिष्ठ सिंह के विरुद्ध रोहतास जिले के बघैला थाना में हत्या / आर्म्स एक्ट / शराब कांड से संबंधित 03 कांड दर्ज है। |

| ➢ गत दिनों अन्य कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी। | | |
|---|---|---|
| **4.** | **भागलपुर / बरारी थाना** | ➢ भागलपुर जिला के बरारी थाना क्षेत्र से 03 कुख्यात अपराधकर्मी 1. वरुण यादव 2. मिथुन यादव उर्फ लंगड़ा यादव 3. कपिल कुमार यादव गिरफ्तार।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मियों में कपिल कुमार यादव के विरूद्ध भागलपुर जिले के विभिन्न थानों में लूट / डकैती / आर्म्स एक्ट तथा अन्य मामलों से संबंधित 07 कांड दर्ज है।<br>➢ मिथुन यादव उर्फ लंगड़ा यादव के विरूद्ध हत्या / रंगदारी / आर्म्स एक्ट तथा अन्य मामलों से संबंधित 06 कांड दर्ज है।<br>➢ वरूण यादव के विरुद्ध भागलपुर जिले के कोतवाली(बरारी) थाना में आर्म्स एक्ट तथा चोरी के मामलों से संबंधित 02 कांड दर्ज है। |
| **5.** | **गया / रामपुर थाना** | ➢ 13 काण्डों में संलिप्त कुख्यात अपराधकर्मी प्रेम यादव गिरफ्तार।<br>➢ गया जिला के रामपुर थाना क्षेत्र से कुख्यात अपराधी प्रेम यादव जो कई काण्डों में संलिप्त रहा है तथा कई काण्डों में फरार चल रहा था, के द्वारा हाल ही में 05 लाख रु0 की रंगदारी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मांगी थी।<br>➢ इसके विरुद्ध गया जिले के रामपुर थाना में आर्म्स एक्ट / रंगदारी / शराब तस्करी तथा अन्य मामलों से संबंधित कुल–13 काण्ड दर्ज है। |

| मोतिहारी जिला में ICICI बैंक में लूट की घटना का उदभेदन तथा लूटी गयी राशि के साथ अपराधकर्मी सिवान जिला से गिरफ्तार | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला / थाना** | **संक्षिप्त** |
| **6.** | **सिवान / बड़हरिया** | ➢ बिहार STF की विशेष टीम एवं सिवान जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में सिवान जिला के कुख्यात अपराधी सद्दाम आलम गिरोह के वांछित अपराधकर्मियों 1. इसरारुल मियाँ, थाना बड़हरिया, 2. मो शहजाद अहमद, थाना सराय ओ0पी0 दोनो जिला सिवान तथा 3. रहीम हुसैन, थाना मोहम्मदपुर, जिला गोपालगंज को सिवान जिला के बड़हरिया थाना क्षेत्र से अवैध आग्नेयास्त्र तथा मोतिहारी जिला के डुमरी थाना क्षेत्र के ICICI बैंक से लूटी गयी राशि के साथ गिरफ्तार किया गया।<br>➢ बरामदगीः– देशी पिस्टल 02 (1 मैगजीन सहित), जिन्दा कारतूस 05, नकद 06 लाख 15 हजार रुपये (ICICI बैंक से लूटी गयी राशि), चरस 01 किलो, मोटरसाइकिल 01 |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.06.2023 को मोतिहारी जिला के डुमरी थाना क्षेत्र से ICICI बैंक से लगभग 18 लाख रुपयों की लूट हुयी थी। इस घटना में गिरफ्तार अपराधकर्मी इसरारुल मियाँ तथा रहीम हुसैन की संलिप्तता थी।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी इसरारुल मियाँ तथा रहीम हुसैन के विरुद्ध सिवान, गोपालगंज एवं मोतिहारी जिला के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, लूट, डकैती तथा आर्म्स एक्ट के कई काण्ड अंकित हैं। |

| **अवैध हथियार के विरुद्ध कार्रवाई** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला/थाना** | **संक्षिप्त** |
| **7.** | **जहानाबाद / हुलासगंज थाना** | **हथियार एवं कारतूस सहित 05 हथियार तस्कर गिरफ्तार।**<br>➢ दिनांक 18.07.2023 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग के स्कॉर्पियो वाहन में कुछ अपराधी भारी मात्रा में अवैध हथियार लेकर हुलासगंज होते हुए पटना जाने वाले हैं।<br>➢ सूचना के आधार पर गया की तरफ से आने वाली सफेद रंग की स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गयी तो 01 पिस्टल, 01 रेग्युलर रायफल, 01 दो नाली बंदूक, 23 कारतूस, 03 मैगजीन इत्यादि के साथ कुख्यात हथियार तस्कर बब्लू यादव, थाना सालिमपुर, जिला पटना को उसके 04 सहयोगियों 1. तेजमनी कुमार 2. मुकेश तिवारी 3. तरूण कुमार 4. रवीन्द्र कुमार के साथ गिरफ्तार किया गया।<br>➢ इनकी निशानदेही पर गया जिला के बेलागंज थानान्तर्गत छापामारी कर देशी पिस्टल 03, सिक्सर 02, अर्ध निर्मित सिक्सर 01, जिन्दा कारतूस 02, खोखा 07 तथा अन्य हथियार बनाने के उपकरणों को बरामद गया। |
| **8.** | **लखीसराय / मेदिनी चौक थाना** | **मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन। 06 अर्द्ध निर्मित पिस्टल तथा देशी कट्टा समेत 05 अभियुक्त गिरफ्तार।**<br>➢ दिनांक 17.07.2023 को एस0टी0एफ0 के द्वारा लखीसराय जिला के मेदिनी चौक थाना अन्तर्गत सलारपुर श्मशान घाट से सटे सुरक्षा बाँध के पास छापामारी कर 05 व्यक्तियों 1. राम बालक बिन्द 2. फुलेश्वर बिन्द 3. मुकेश साव 4. प्रदीप शर्मा 5. अशोक पोद्दार को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ इनके द्वारा मिनी गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था।<br>➢ बरामदगी– 06 देशी पिस्टल, 01 कट्टा, 16 कारतूस, 03 बेस, 02 ड्रिल मशीन, 02 अर्द्धनिर्मित मैगजीन इसके अतिरिक्त बहुत से शस्त्र के कल पूर्जे इत्यादि। |